'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 40, पेज 8, मूल्य 03 रूपए वीरवार, 25 अप्रैल, 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## टिकटों की घोषणा नहीं, लेकिन बीजेपी के खिलाफ सोशल मीडिया वॉर शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस में जहां लोकसभा टिकटों को लेकर घमासान मचा हुआ है, वहीं प्रदेश के कई नेताओं ने बुधवार को सोशल मीडिया पर बीजेपी के खिलाफ एक अभियान चलाया। इसमें बीजेपी नेताओं का नाम कोड में बताते हुए हार का दावा किया। कांग्रेस के कई नेताओं ने इस अभियान में भाग लिया।

श्रुति चौधरी सोशल मीडिया पर ट्रोल

कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों में भिवानी–महेंद्रगढ़ लोकसभा हलके से श्रुति चौधरी और राव दान सिंह प्रबल दावेदार हैं।



श्रुति चौधरी ने बुधवार को ट्वीट करके कहा कि आपके कंप्यूटर के की–बोर्ड में एस और एफ के बीच में जो अक्षर है, लोकसभा चुनाव के दौरान भिवानी–महेंद्रगढ़ से उनकी हार होने वाली है। इस ट्वीट को लेकर श्रुति चौधरी सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गईं। कई ग्रुपों में यह दावा किया गया कि श्रुति चौधरी का इशारा कांग्रेस में अपने प्रतिद्वंद्वी दान सिंह की तरफ है।

**कांग्रेस के कई नेताओं ने इस अभियान में भाग लिया जिसमें एक ट्वीट को लेकर श्रुति चौधरी सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गईं।**

डी फॉर धर्मबीर

इसके कुछ समय बाद श्रुति चौधरी ने दोबारा ट्वीट करके कहा कि डी फॉर धर्मबीर है। धर्मबीर इस हलके से बीजेपी के प्रत्याशी हैं। इसके बाद जब दोबारा चर्चाओं का दौर शुरू हुआ तो श्रुति चौधरी ने अपना एक ट्वीट डिलीट कर दिया।

## चॉकलेट केक की मिठास ने ली बच्ची की जान



समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। मार्च के महीने में पंजाब के पटियाला में हुई 10 साल की बच्ची की मौत ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। हंसी–खुशी बच्ची ने अपने बर्थडे का केक काटा, उसे खाया और फिर वह मौत की नींद सो गई। उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। यह तय था कि बच्ची की मौत उस केक के खाने से हुई। बच्ची के जन्मदिन पर यह चॉकलेट केक बेकरी से ऑनलाइन खरीदा गया था। अब, इस मामले में एक नए खुलासा हुआ है जो डरा देने वाला है कि हम किस गुणवत्ता की चीजें खा रहे हैं। सामने आया है कि केक में बहुत ज्यादा मात्रा में सैकरीन था।

आमतौर पर बाजार के खाने–पीने की चीज़ों में सैकरीन की थोड़ी मात्रा का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन ज़्यादा मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल करने से व्यक्ति के रक्त में ग्लूकोज़ का स्तर तेज़ी से बढ़ सकता है।

**घटना के बाद फूड ऑर्डरिंग ऐप ज़ोमैटो ने बेकरी के मालिक पर प्रतिबंध लगा दिया और बेकरी को अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया है।**

जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डीएचओ डॉ. विजय जिंदल ने बताया कि केक का एक नमूना परीक्षण के लिए एकत्र किया गया था। रिपोर्ट से पता चला है कि केक को बनाने के लिए उच्च मात्रा में सैकरीन (एक मीठा स्वाद वाला सिंथेटिक कंपाउंड) का इस्तेमाल किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बेकरी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी क्योंकि इसके मालिक के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। घटना के बाद, फूड ऑर्डरिंग ऐप ज़ोमैटो ने बेकरी के मालिक पर प्रतिबंध लगा दिया और बेकरी को अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया।

सैकरीन एक सिंथेटिक स्वीटनर है जिसकी खोज 1879 में जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी में काम करने वाले रसायनज्ञ कॉन्स्टेंटिन फाहलबर्ग ने की थी। यह सुक्रोज (टेबल शुगर) से लगभग 300 से 400 गुना अधिक मीठा होता है, लेकिन इसमें कोई कैलोरी नहीं होती है, जिससे यह विभिन्न खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों में चीनी के विकल्प के रूप में लोकप्रिय हो जाता है। 20वीं सदी की शुरुआत में चीनी की कमी के दौरान सैकरीन का व्यापक उपयोग हुआ और यह डाइट सोडा, टेबलटॉप स्वीटनर और अन्य कम कैलोरी वाले उत्पादों में एक आम घटक बन गया।

## प्राइवेट प्रॉपर्टी पर हो सकता है किसी समुदाय या संगठन का हक, सुप्रीम कोर्ट में चल रही है सुनवाई

समाचार गेट/ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि संविधान का उद्देश्य सामाजिक बदलाव की भावना लाना होता है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि यह कहना खतरनाक होगा कि किसी शख्स की प्राइवेट प्रॉपर्टी, समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जाना सकता है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच कहा कि यह कहना खतरनाक होगा कि लोक कल्याण के लिए प्राइवेट संपत्ति का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 9 जजों की बेंच ने यह टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह कानूनी सवाल है कि क्या प्राइवेट मालिकाना हक वाले संसाधनों को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट में मुंबई के प्रॉपर्टी ऑनर्स असोसिएशन सहित अन्य पक्षकारों की ओर से दलील दी गई कि संवैधानिक स्कीम के नाम पर राज्य के अधिकारी द्वारा प्राइवेट प्रॉपर्टी को कब्जा नहीं किया जा सकता है। इनकी दलील है कि संविधान के अनुच्छेद–39 बी और 31 सी की संवैधानिक योजनाओं के तहत संपत्ति पर कब्जा नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह जटिल प्रश्न है कि क्या संविधान के अनुच्छेद–39 बी के तहत प्राइवेट संपत्ति को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है?



इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने यह टिप्पण ी की है कि यह कहना थोड़ा ज्यादा बड़ी बात होगी कि समुदाय के भौतिक संसाधन का मतलब सिर्फ पब्लिक प्रॉपर्टी से है और वह प्राइवेट प्रॉपर्टी की उत्पत्ति से नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कहना खतरनाक क्यों है यह हम आपको बताएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर खदान या प्राइवेट वन के मामले को लेते हैं तो यह कहना खतरनाक होगा कि इनमें सरकारी नीति लागू नही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1950 में सामाजिक और अन्य प्रचलित स्थितियां थी लेकिन संविधान का मकसद यह है कि सामाजिक बदलाव आए। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

## असम की जेल में कैद खालिस्तानी अमृतपाल सिंह लड़ेगा लोकसभा चुनाव



चंडीगढ़। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत असम की जेल में बंद कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह के अधिवक्ता ने बुधवार को दावा किया कि वह (सिंह) पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ेगा। अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह ने कहा कि वह गुरुवार को अपने बेटे से मिलने के बाद ही इस मामले में टिप्पणी करेंगे। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अमृतपाल सिंह ने शुरूआत में राजनीति में आने को लेकर कोई दिलचस्पी नही दिखाई थी।

अमृतपाल सिंह के अधिवक्ता राजदेव सिंह खालसा ने दावा किया कि उन्होंने बुधवार को डिब्रूगढ़ जेल में उपदेशक से मुलाकात की और उनसे चुनाव लड़ने का अनुरोध किया। खालसा ने कहा कि मैं आज डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल मे भाई साहब (अमृतपाल सिंह) से मिला और मुलाकात के दौरान मैंने उनसे अनुरोध किया कि 'खालसा पंथ' के हित में उन्हें इस बार संसद सदस्य बनने के लिए खडूर साहिब से चुनाव लड़ना चाहिए।

खालसा ने दावा किया कि भाई साहब ने पंथ के हित में मेरा अनुरोध स्वीकार कर लिया... वह एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

## अमित शाह के नकली शिवसेना संबंधी कमेंट पर भड़के उद्धव ठाकरे

समाचार गेट/ब्यूरो

छत्रपति संभाजीनगर/हिंगोली। शिवसेना (उद्ध व बालासाहेब ठाकरे यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (BJP) पर निशाना साधा और उसे 'बोगस'(फर्जी) जनता पार्टी करार दिया। इससे पहले बीजेपी ने उनकी पार्टी को (नकली) शिवसेना बताया था। मराठवाड़ा क्षेत्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए ठाकरे ने पूर्व कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण के बीजेपी में शामिल होने का जिक्र किया। ठाकरे ने बीजेपी पर निशाना साधने के लिए आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाला का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अशोक चव्हाण को पार्टी में शामिल करके सत्तारूढ़ पार्टी भी अब करोड़ों रुपये के आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले का



हिस्सा बन गई है।


'बीजेपी बोगस जनता पार्टी बन गई है'

हिंगोली में शिव सेना (यूबीटी) उम्मीदवार नागेश अष्टिकर के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि चोरों (विद्रोह करने वाले शिवसेना विधायकों के संदर्भ में) ने मूल शिवसेना को चुरा लिया लेकिन वह तब तक चुप नही रहेंगे जब तक कि हिसाब बराबर नहीं हो जाए। ठाकरे ने कहा कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी कहते हैं कि हमारी शिवसेना नकली शिवसेना है। मोदी नहीं जानते कि बीजेपी बोगस जनता पार्टी बन गई है।

बीजेपी को महाराष्ट्र विरोधी करार दिया

पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि अगर उनके खिलाफ कोई विश्वासघात नहीं हुआ होता तो वह संभवतः पांच साल बाद किसानों का कर्ज माफ कर देते। उन्होंने बीजेपी को महाराष्ट्र विरोधी भी करार दिया। ठाकरे ने आदर्श हाउसिंग घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के गृह क्षेत्र नांदेड़ शहर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह मुद्दा उठाया।



# बेरोजगारों के लिए मौका: रोजगार मेला 17 अप्रैल को, 62 कंपनियां लेंगी भाग

समाचार गेट
हरिओम भारद्वाज

होडल। गांव सेवली में स्थित रतन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में 27 अप्रैल 2024 को कॉलेज मैनेजमेंट के द्वारा रोजगार मेले की श्रृंखला को जारी रखते हुए तीसरे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार देश की लगभग 62 जानी मानी कंपनियां इस रोजगार मेले में भाग लेंगी जिसमें सैकड़ो बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा । कॉलेज प्रशासन के द्वारा रोजगार मेले का पंजीकरण पूर्णता निशुल्क रखा गया है जिससे की हर वर्ग के जरूरतमंद छात्र और छात्रा इस अवसर का लाभ प्राप्त कर सके। रोजगार मेले से संबंधित प्रैस वार्ता का आयोजन कॉलेज परिसर में बुधवार को किया गया, जिसमे कॉलेज के चेयरमैन




यशवीर डागर तथा कॉलेज के डायरेक्टर डॉ श्याम सुंदर कौशिक उपस्थित रहे और उन्होंने प्रैस को संबोधित करते हुए बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी रतन इंस्टी. ट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में 27 अप्रैल को एक विशाल रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में सभी वर्ग के छात्र–छात्राओं को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी कई जानी मानी कंपनियों जैसे जेबीएम, इंडियन ऑयल, एक्सिस बैंक इत्यादि कंपनियां भाग लेंगी। एक अनुमान के अनुसार अब तक लगभग 1900 छात्र–छात्राओं के आवेदन हो चुके हैं। यशवीर डागर ने युवाओं से आवाहन किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रोजगार मेले का लाभ उठाएं ।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार

समाचार गेट
ज्योति खंडेलवाल

पलवल। इस दौरान नीमा एसोसिएशन के डॉ.सीएस राणा व पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन के जिला प्रधान हरि सिंह डागर को सह संयोजक नियुक्त किया गया।

इस दौरान डॉ.रूप कुमार को पलवल मंडल संयोजक, डॉ. लोकेश चौहान को हथीन सह संयोजक, डॉ.देवेंद्र शर्मा, डॉ. ललित भारद्वाज, डॉ.ललित मोहन कालड़ा, राजू खूटैला, एडवोकेट एनसी चौहान तथा संदीप देशवाल नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया



नवनियुक्त सह संयोजक डॉ.सीआर राणा व हरी सिंह डागर ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.विजय दहिया, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, विधायक दीपक मंगला का आभार व्यक्त किया।

## अच्छी पहल: सड़क सुरक्षा के तहत जागरूकता अभियान चलाया



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

पलवल। बस स्टैंड चौक पर यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने की जागरूक किया गया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की पालना करने की शपथ भी दिलाई गई।

जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस ने बताया कि अभिभावक 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों को बाइक चलाने के न दें। इससे आपके बच्चों व दूसरे वाहन चालकों को खतरा रहता है। ड्राइविंग सीखते समय अपनी कार के पीछे एल का निशान जरूर लगवायें।

वाहन का प्रयोग करते समय दो पहिया वाहन पर हेल्मेट और चार पहिया वाहन पर सीट बैल्ट का प्रयोग जरुर करें। यह दो सुरक्षा कवच वाहन चलाते समय किसी प्रकार से असुविधा के कारण दुर्घटना हो जाने पर जिंदगी को बचाते है। दुपहिया, ऑटो, कार गाड़ी, भारी वाहन अपनी निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं।

## क्राइम ब्रांच ने दबोचा इनामी बदमाश

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

हथीन। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच हथीन इंचार्ज उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम ने मुखबर तंत्र की सूचना के आधार पर राजस्थान पुलिस की गिरफ्त से डकैती वारदात में करीब 13 साल से □5000 के इनामी एवं भगोड़ा बदमाश को घर दबोचने में सफलता हासिल की है । इससे पूर्व क्राइम ब्रांच हथीन इंचार्ज उप निरीक्षक दीपक गुलिया के नेतृत्व में टीम पिछले चार माह की अवधि के दौरान ही 13 इनामी बदमाशों पर शिकंजा कस चुकी है। क्राइम ब्रांच हथीन इंचार्ज उप निरीक्षक दीपक गुलिया के अनुसार गत दिनांक 23 अप्रैल 2024 को उनकी टीम ने मुखबिर की सहायता से 13 साल से राजस्थान पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है।

# अग्रवाल कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

समाचार गेट/ब्यूरो


बल्लभगढ। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ में वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय "आइटीआर ई–फाइलिंग" रहा। कार्यक्रम का आयोजन बी.कॉम छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को आइटीआर ई– फाइलिंग सीखना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गौरव गिरी और शिल्पी सिंगला रहे जो की श्याम सुंदर मंगला –कम्पनी एलएलपी में कार्यरत है। उन्होंने बहुत सरल तरीके से विद्यार्थियों को आइटीआर फाइलिंग करने के गुर सिखाएं। इसमें विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के लिए अपितु आइटीआर फाइलिंग




कैसे कमाई का माध्यम बन सकती है यह भी बताया गया।

विद्यार्थियों ने पुरानी और नई कर प्रणाली के अनुसार आइटीआर फाइलिंग करना सीखा। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा–निर्देशन और कॉलेज प्रबंधन समिति के संरक्षण और सहयोग से किया गया।

प्राचार्य जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ–साथ प्रैक्टिकल कौशल भी आना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. शोभ. ाना गोयल द्वारा विभाग के अन्य अध्यापकों के सहयोग से किया गया। लगभग 92 विद्यार्थियों इस कार्यक्रम में लाभान्वित रहे।



# फसल बिक्री में किसानों को किसी प्रकार की न हो दिक्कत, एसडीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश



समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी मंडी। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बुधवार को अनाज मंडी में चल रही सरसो व गेहूं फसल खरीद कार्य प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सरसो व गेहूं खरीद प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली

निरीक्षण के दौरान एसडीएम वीरेंद्र ने अधिकारियों से फसल खरीद का पूरा ब्यौरा मांगा और सरसों व गेहूं खरीद का कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने खरीद व उठान से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बिक्री में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नही आनी चाहिए और गर्मी के चलते पेयजल के साथ–साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी उचित प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने फसल खरीद के साथ उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

एसडीएम वीरेंद्र ने निरीक्षण के दौरान फसल बिक्री के आए किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी।

इस दौरान मंडी में आए किसानों ने बताया कि मार्केट कमेटी द्वारा किसानों के पीने के पानी व शौचालयों की अच्छी व्यवस्था की हुई है।इसके साथ ही उन्होंने आढतियों द्वारा किसानों से ली गई सरसों व गेहूं के रिकार्ड की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाली फसल का गेट पास जारी होना चाहिए। इसके साथ ही खरीद के बाद किसानों को जे फार्म दिया जाना जरूरी है, जिसमें फसल का वजन और फसल की कीमत होती है ताकि किसान को उसकी फसल के वजन और कीमत का पता हो सके।

अधिकारियों की बैठक लेकर खरीद कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिए कि सरसो उठान कार्य में ढिलाई न बरती जाए और लेबर की कमी को दूर किया जाए। उन्होंने सरसो उठान के लिए प्राईवेट गोदाम किराए पर लिए जाने के निर्देश ताकि उठान कार्य शीघ्र हो सकें और किसानों के खातों में शीघ्र ही उनकी फसल का रुपए डाला जा सके।

इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार ने एसडीएम वीरेंद्र सिंह को बताया कि अब तक मंडी में लगभग 3लाख 54 हजार क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है, जिसमें से एक लाख 30 क्विंटल सरसों का उठान हो चुका है। इसी प्रकार 16 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है।

45सौ क्विटल का उठान हो चुका है।उन्होंने बताया कि उठान कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। उठान कार्य के लिए लगभग 44 वाहनों को लगाया गया है शीघ्र ही लेबर की कमी को भी दूर कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेरी फसल–मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के आधार पर किसानों से सरसों व गेहूं ली जा रही है।

प्रतिदिन रिकार्ड चैक किया जा रहा है। गोदाम में फसल के पहुंचने के 72 घंटे के अंदर किसान को फसल के पैसे मिलने का प्रावधान है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# प्रदेश सरकार किसान विरोधीः पंचायत में बोले दयानंद पुनिया



समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी मंडी। बिधवान के चौक में किसानों ने एक पंचायत की जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

बिधवान गांव में बिजली के टावर लगाये जा रहे हैं और किसान इन टावरों का विरोध कर रहे है। क्योंकी टावर 16 फुट जगह ले रहें है और एक एकड़ मे 2 टावर लगाये जा रहे हैं और बिजली महकमा जमीन के पैसे नही दे रहा है जबकी किसानों का कहना है की एक टावर के 5 लाख रूपये जब तक किसान को नहीं देंगे तब तक किसान अपने खेत में टावर नहीं लगने देंगे।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के नेता दयानन्द पूनिया ने कहा की वर्तमान सरकार किसान विरोधी है और यह सरकार किसानों को बरबाद करना चाहती है और किसानों को जब तक उनकी जमीन का मुआवजा नही मिलेगा तब तक टावर नहीं लगाने दिये जायेंगे।

गांव में 21 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया।

गांव की कमेटी मे बलवान बागडी,सुकरम जागलान, रामकुमार सुरा, अशोक कुमार, अनिल पूनिया,फूलसिंह मनीष, कर्मबीर, मोहित, बलवान सुरा, रणधावा तलवानी,अनिल, रामकुमार,पंकज व अखिल भारतीय किसान सभा से दयानन्द पूनिया,अंतर कस्वां, बिल्लु गोदारा, कुलदीप बड़वा, आजाद मिरान को शामिल किया गया।

पंचायत में सैंकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया।

# कनीना में रोडवेज बस व कार की भिडंत से सडक मार्ग हुआ जाम



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना । अटेली–महेंद्रगढ रोड टी–प्वाईंट पर बुधवार सांय करीब साढे तीन बजे रो. डवेज बस तथा कार की भि. डंत हो गई। दोनों वाहनों के चालकों की सजगता से बडा हादसा टल गया। गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। बता दें कि यात्रियों से भरी रोडवेज बस नारनौल से कनीना की ओर आ रही थी जब वह कनीना बस स्टैंड सडक मार्ग की ओर मुडने लगी तो इसी दौरान महेंद्रगढ की ओर से कार आ गई। रोडवेज चालक ने कार को बचाने के लिए ब्रेक भी लगाए लेकिन कार चालक की साइड से भिड गई। इस हादसे में कोई जनह. ानि नहीं हुई। रोडवेज बस सडक से नीचे उतर गई जबकि कार रोड पर रही। जिसे बाद में सडक से नीचे उतार दिया गया। बस में सवार यात्री उतर कर चले गए जबकि कार में सवार यात्रियों को भी राहग. ीरों ने सकुशल निकाल लिया। इस हादसे के बाद सडक के तीनों ओर,अटेली,महेंद्रगढ व कनीना की ओर जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और वाहनों को आगे–पीछे कर यातायात बहाल करवाया। प्रबुधजनों हर्ष, सतबीर, नारायण, सुरेश, मनोज, राजीव ने कहा कि रोड सेफ्टि को लेकर सवाल उठाए हैं, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन रोड सेफ्टि को लेकर गंभीर नहीं है जिसके चलते आए दिन सडक हादसे घटित हो रहे हैं। हादसों पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने इस प्वाईंट पर पुलिस कर्मचारी की तैनाती की मांग की है।

## कनीना मंडी में हो रही सरसों व गेहूं की बंपर आवक

कनीना। मंडी में सरसों तथा गेहूं की आवक जारी है। अब तक 2 लाख 18 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 1 लाख 40 हजार क्विंटल का उठान किया जा चुका है। इसी प्रकार 58 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। जिसमें से 10 हजार क्विंटल का उठान किया जा सका है। उठान कार्य न होने की वजह से प्लेटफॉर्म गेहूं से अटे पडे हैं। माक. ेट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि पुरानी मंडी में गेहूं का उठान न होने के चलते गेहूं के ढेर लगे हुए हैं।

## श्रीगौड ब्राह्मण सभा कनीना की बैठक आज

कनीना। श्रीगौड ब्राह्मण सभा की ओर से आज बृहस्पतिवार, 25 अप्रैल को बैठक का आयोजन किया जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब कनीना में सुबह 9 बजे आयाजित इस बैठक में सभा के पदाधिकारी एवं सद्स्य हिस्सा लेगें। सभा के प्रधान डॉ–रविंद्र कौशिक ने बताया कि बैठक में समाज उत्थान एवं सामाजिक तथा धार्मिक समारोह आयोजन को लेकर विचार–विमर्श किया जाएगा।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना । नैशनल हाईवे 152डी पर सेहलंग–बागोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 409वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता विजय कुमार सेहलंग ने की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद सरकार द्वारा कट बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था उसके बावजूद भी धरातल पर कार्य शुरू नहीं होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। धरनारत ग्रामीणों का उत्साह भले ही कमजोर पडने लगा है लेकिन मांग पूरी करवाने पर अडिग हैं। सरकार द्वारा एनएच 152डी पर कट का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना चाहिए। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर पिछले 13 माह से धरना दे रहे हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीण ों मांग पर काम शुरू नही कर रही है। जिससे उनमें रोष बढ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नही हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर पोता के सरपंच हरिओम, नरेंद्र शास्त्री,बाबूलाल, बेड़ा सिंह, रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, धर्मपाल सिंह,अशोक चैहान, मुंशी राम, सूबेसिंह, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।


# शिक्षण संस्थान संचालक से 50 लाख की फिरौती मांगने वाला आरोपी 4 दिन के रिमांड के बाद कोर्ट में पेश

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना । सेहलंग में संच. ालित शिक्षण संस्थान बंद करवाने की धमकी देकर आरटीआई की एवज में 50 लाख रूपये की फिरौति मांगने के आरोपी प्रदीप कुमार वासी भडफ को 4 दिन के रिमांड के बाद पुलिस ने आज एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया। कोर्ट ने गंभीरता पूर्वक दोनों पक्षों की दलीले सुनकर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी द्वारा संचालित एनजीओ सम्बंधी दस्तावेत, खाते की जानकारी,उसके द्वारा बहुतायत संख्या में मांगी गई आरटीआई दस्तावेज, मोबाईल व रिकार्डिंग सम्बंधी डिवाइस कब्जे में लिया। पीडित पक्ष के अधिवक्ता सुभाष शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि प्रदीप कुमार वासी भडफ ने सेहलंग के शिक्षण संस्थान संचालक हरीश भारद्वाज से 50 लाख रूपये की फिरौति मांगी थी जिसकी ऑडियो तथा वीडियों रिकार्डिंग पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी।







# 17 साल के डी गुकेश ने चेस टूर्नामेंट जीतकर रचा इतिहास



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने इतिहास रच दिया है। गुकेश विश्व चैंपियन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। गुकेश ने महान गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ कर नया ईतिहास रच दिया है। गुकेश ने आखिरी राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला। इस टूर्नामेंट में वह कुल 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। यह टूर्नामेंट विश्व चैंपियन को चुनौती देने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए आयोजित किया जाता है। इस जीत के साथ गुकेश को इस साल के अंत में चीन के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरिन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा।

**22 साल की उम्र में जीते थे कास्परोव**

चेन्नई का यह युवा खिलाड़ी कास्परोव के रिकॉर्ड को काफी पीछे छोड़ गया है। रूसी चैंपियन 1984 में 22 साल के थे, जब उन्होंने अपने हमवतन अनातोली कारपोव को चुनौती देने के लिए क्वालीफाई किया था। गुकेश ने जीत के बाद कहा, बहुत खुशी हो रही है। मैं उस रोमांचक गेम (फैबियो कारुआना और इयान नेपोमनियाचची के बीच) को देख रहा था, फिर मैं अपने सहयोगी के साथ टहलने गया, मुझे लगता है कि इससे मदद मिली।

**विश्वनाथन आनंद ने दी गुकेश को बधाई**

गुकेश को 88,500 यूरो (लगभग 78.5 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार भी मिला। कैंडिडेट्स की कुल पुरस्कार राशि 5,00,000 यूरो थी। वह महान विश्वनाथन आनंद के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर युवा खिलाड़ी को बधाई देते हुए लिखा, सबसे युवा चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो हासिल किया है उस पर बहुत गर्व है। मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है कि आपने कैसे खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला। इस पल का आनंद लें।

# गौतम गंभीर ने आरसीबी की जीत के बाद विराट कोहली को भेजा मैसेज




समाचार गेट/एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मेंटॉर गौतम गंभीर ने रविवार को ईडन गार्डंस में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जमकर तारीफ की। गंभीर ने अपने एक्स अकाउंट पर कहा कि बेंगलुरु स्थित इस फ्रेंचाइजी ने केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान अभूतपूर्व चरित्र दिखाया। गंभीर ने लिखा- आरसीबी ने आज अद्भुत प्रदर्शन किया। यह पहला मौका है, जब गौतम गंभीर ने खुलकर बेंगलुरु टीम की तारीफ की है। इससे पहले वह इस टीम पर कई बयानों से सुर्खियों में रह चुके हैं। उन्होंने विराट कोहली की कप्तानी और टीम की रणनीति पर लगातार सवाल उठाए हैं, लेकिन इस सीजन में वह न केवल हर किसी को दोस्ताना रिश्ता बनाते नजर आ रहे हैं, पिछले सीजन की कटुता को पीछे छोड़ते हुए गौतम गंभीर ने विराट कोहली से अपने रिश्ते सुधार लिए हैं।

वह इससे पहले मैच में भी गले मिलते नजर आए थे और अब फिर वह टॉस से पहले और बाद में लंबे समय तक बात करते दिखे गले मिले। अब उन्होंने टीम की तारीफ की है। मैच की बात करें तो आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीता, फिल साल्ट ने 14 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 48 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिससे दो बार की चैंपियन टीम को पावरप्ले में धमाकेदार अंदाज में आगाज मिला। दूसरे छोर से लगातार विकेट गिर रहे थे, लेकिन कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंदों में 50 रन, सात चौकों और एक छक्के की मदद से), रिंकू सिंह (16 गेंदों में 24 रन, दो चौकों और एक छक्के की मदद से), आंद्रे रसेल (20 गेंदों में 27* रन, चार चौकों की मदद से) और रमनदीप सिंह (नौ गेंदों में 24* रन, दो चौकों और दो छक्कों की मदद से) ने योगदान देकर टीम को 20 ओवरों में 222/6 तक पहुंचाया। आरसीबी के लिए कैमरून ग्रीन (2/35) सबसे सफल गेंदबाज रहे। यश दयाल ने भी दो विकेट चटकाए, लेकिन 56 रन लुटाए। मोहम्मद सिराज और लॉकी फर्ग्यूसन ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली (18) और फाफ डू प्लेसिस (7) के विकेट जल्दी गंवा दिए। विल जैक्स (32 गेंदों में 55 रन, चार चौके और पांच छक्के) और रजत पाटीदार (23 गेंदों में 52 रन, तीन चौके और पांच छक्के) के बीच 102 रन की साझेदारी ने आरसीबी को वापसी दिलाई।

# सुदर्शन की कातिलाना गेंदबाजी और राहुल तेवतिया का फिनिशिंग टच ने पंजाब को हराया





समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** साई किशोर (33 रन देकर चार विकेट) की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के स्पिनर्स ने पहले तो पंजाब किंग्स को 142 रन पर ऑलआउट कर दिया और फिर राहुल तेवतिया (18 गेंद में नाबाद 36 रन) के शानदार फिनिशिंग टच के बूते तीन विकेट से मैदान मार लिया। अपने होम ग्राउंड महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की नई पिच पर पंजाब किंग्स का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला पूरी तरह उल्टा साबित हो गया। अब आठ मैच में छह हार और दो जीत के साथ पंजाब का आत्मविश्वास पूरी तरह डिगा हुआ है, टीम पॉइंट्स टेबल पर सिर्फ आरसीबी से ही ऊपर है जबकि गुजरात टाइटंस को इस जीत से ऑक्सीजन मिला होगा। टीम अब आठ मैच में चौथी जीत के साथ आठवें से छठे नंबर पर पहुंच गई है।

**तेवतिया आखिरी तक टिके रहे**

गुजरात को आखिरी पांच ओवर्स में 42 रन की जरूरत थी और राहुल तेवतिया के 16 गेंद में नाबाद 36 रन की मदद से उसने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाया, लेकिन तेवतिया ने अपने अंदाज में खेलते हुए उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गुजरात के लिए तेवतिया के 36 रन के अलावा शुभमन गिल ने 35 तो साईं सुदर्शन ने 31 रन बनाए।

**साईं सुदर्शन की कातिलाना गेंदबाजी**

बाएं हाथ के स्पिनर साईं किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। साईं किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया, जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाए। साईं किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। इस सीजन में पंजाब के लिए मैच विनिंग प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी आज सस्ते में सुदर्शन के शिकार हुए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया इससे पहले वह और खतरनाक साबित होते साईं किशोर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर उन्हें भी चलता कर दिया।

**फ्लॉप रही पंजाब की बैटिंग**

इस सीजन में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाए। खराब फॉर्म से जूझ रहे प्रभसिमरन सिंह 21 गेंद में 35 रन बनाकर बेस्ट स्कोरर रहे। उनके छठे ओवर में आउट होने के बाद विकेटों की झड़ी लग गई।

कप्तान सैम करन (19 गेंद में 20 रन) लियाम लिविंगस्टोन (नौ गेंद में छह रन) एक के बाद एक आउट होते गए। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। साईं किशोर ने सबसे ज्यादा चार जबकि राशिद खान ने 15 रन देकर एक और नूर अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए।

# खराब मौसम के बावजूद पेरिस ओलिंपिक की लौ जलाई गई



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिना अपोलो (सूर्य देवता) की मदद के, पेरिस ओलिंपिक के प्राचीन खेलों के स्थल पर लौ मंगलवार को जलाई गई। आसमान में बादलों की वजह से सूर्य की किरणें नहीं थीं, और पारंपरिक तरीके से लौ जलाने का प्रयास विफल रहा। यहाँ, सूर्य की किरणों की जगह, यूनान की पुजारिन एक युवती चांदी की मशाल लेकर अपने हाथ में पोशाक पहने रहती थीं। प्राचीन यूनान में, अपोलो की प्रार्थना के बाद किरणों से लौ जलाई जाती थी, लेकिन इस बार एक बैकअप लौ का उपयोग किया गया, जो सोमवार को अंतिम रिहर्सल के दौरान उसी स्थान पर जलाई गई।

चुन्नट वाली लंबी पोशाक पहने पुजारियों का एक समूह ईंधन से भरी मशाल को एक अवतल दर्पण 'पैराबोलिक मिरर' के सामने रखता, जिससे सूर्य की किरणें मशाल पर केंद्रित हो जाती और लौ जलने लगती। लेकिन इस बार ऐसी कोशिश ही नहीं की गई। सीधे 'बैकअप' का इस्तेमाल किया गया। विडंबना यह है कि कुछ मिनट बाद सूरज चमकने लगा। ओलिंपिया के प्राचीन स्टेडियम से मशालधारियों की रिले मशाल को प्राचीन ओलिंपिया के खंडहर मंदिरों और खेल मैदानों से 5000 किमी (3100 मील) से ज्यादा की दूरी तक ले जाएगी।

यूनान में रिले की 11 दिवसीय यात्रा एथेंस में 26 अप्रैल को पेरिस 2024 के आयोजकों को मशाल सौंपने के साथ समाप्त होगी। सबसे पहले मशाल यूनान के रोअर स्टेफानोस डोस्कोस को दी गयी जिन्होंने तोक्यो में 2021 में स्वर्ण पदक जीता था। वह इसे लेकर करीब के स्मारक की ओर भागे। इसके बाद मशाल फ्रांस की तैराक लौरे मानाउडोउ को सौंपी गयी जिन्होंनें 2004 में एथेंस में तीन पदक जीते थे। उन्होंने मशाल यूरोपीय संघ के एक सीनियर अधिकारी मारगारिटिस शिचिनास को सौंपी।

# कैमरामैन की हरकत बर्दाश्त नहीं कर पाए धोनी, खुलेआम बोतल फेंक दिखाई अपनी नाराजगी




समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** आइपीएल 2024 के 39वें मैच में लखनऊ ने कमाल का खेल दिखाया और चेन्नई सुपरकिंग्स को अहम मैच (CSK vs LSG IPL 2024) में 6 विकेट से हरा दिया. सीएसके की हार में मार्कस स्टोइनिस विलेन बने जिन्होंने 63 गेंद पर 124 रन की नाबाद पारी खेलकर लखनऊ को शानदार जीत दिला दी. बता दें कि सीएसके की ओर से ऋतुराज गायकवाड़ ने 108 रन बनाए थे जिसके कारण चेन्नई ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया था लेकिन सीएसके गेंदबाज स्टोइनिस के प्रहार को झेल नहीं पाए और 6 विकेट से मैच गंवाना पड़ा. मार्कस स्टोइनिस को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया. बता दें कि इस मैच में सीएसके की पारी के दौरान धोनी को केवल एक गेंद का सामना करना पड़ा. एक गेंद पर माही ने चौका जड़कर चेपॉक में आए अपने फैन्स को झूमने का भरपूर मौका दिया. भले ही सीएसके की टीम मैच हार गई लेकिन धोनी के द्वारा खेले गए एक गेंद ने माहौल बनाकर रख दिया था.

बता दें कि मैच के दौरान एक ऐसी घटनी भी घटी जो फैन्स के बीच सोशल मीडिया पर वायरल है. दरअसल, धोनी एक्सप्रेशन देने के लिए कैमरा के सामने कभी नहीं आते हैं. ऐसे में जब सीएसके की पारी चल रही थी और शिवम दुबे के साथ गायकवाड़ आखिरी ओवरों में तेज अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस दौरान कैमरामैन लगातार ड्रेसिंग रूम में बैठे धोनी को टीवी स्क्रीन पर लगातार दिखा रहा था. जिसे देखकर धोनी भड़क गए, दरअसल, धोनी ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जो अपने चेहरे पर एक्सप्रेशन के भाव आने नहीं देते हैं. ऐसे में कैमरामैन लगातार उनके ऊपर ही फोकस किए हुए था जिससे माही अनकंफर्टेबल नजर आने लगे, ऐसे में धोनी ने हाथ में रखे बोतल को फेंकने जैसा जेस्चर कर कैमरामैन को यह बताने की कोशिश की कि उन्हें यह पंसद नहीं आ रहा है. सोशल मीडिया पर यह तस्वीर और वीडियो वायरल है.

# रन चेज के नए किंग बने स्टोइनिस, बनाया बड़ा रिकॉर्ड, लखनऊ ने चेपॉक में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को लगातार दूसरे मैच में हरा दिया है। अपने होम ग्राउंड इकाना में आठ विकेट से हराने के बाद अब लखनऊ ने चेपॉक में चेन्नई को छह विकेट से शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने चार विकेट पर 210 रन बनाए थे। सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 108 रन की पारी खेली थी। जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मार्कस स्टोइनिस 63 गेंद में 124 रन बनाकर नाबाद रहे। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम आठ मैचों में पांच जीत और 10 अंक के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने चेन्नई को रिप्लेस किया, जो लुढ़क कर पांचवें स्थान पर आ गई है। उसके आठ मैचों में चार जीत और चार हार हैं। चेन्नई को अगला मैच 28 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है, जबकि लखनऊ की टीम 27 अप्रैल को इकाना में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

**लखनऊ ने बनाए कई बड़े रिकॉर्ड्स**

लखनऊ ने इस जीत के साथ कई बड़े रिकॉर्ड्स भी अपने नाम कर लिए। यह सीएसके के खिलाफ सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने के मामले में किसी भी द्वारा दूसरी सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले 2021 में मुंबई ने चेन्नई के खिलाफ 219 रन का लक्ष्य चार विकेट रहते हासिल किया था। वहीं, लखनऊ ने चेन्नई के खिलाफ दूसरी बार 211 रन का लक्ष्य हासिल किया। 2022 में उन्होंने ब्रेबोर्न में चेन्नई को छह विकेट से हराया था।

**चेपॉक में सबसे बड़ा चेज**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के आईपीएल इतिहास का यह दूसरा सबसे बड़ा चेज है। इससे पहले उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी में 213 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया था। यह आईपीएल में चेपॉक के मैदान पर किसी भी टीम द्वारा हासिल किया गया सबसे बड़ा लक्ष्य है। इससे पहले 2012 में चेन्नई ने बेंगलुरु के खिलाफ इस मैदान पर 206 रन का लक्ष्य हासिल किया था। लखनऊ ने आखिरी छह ओवर में 87 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। यह आईपीएल में आखिरी छह ओवर में हासिल किया गया चौथा सबसे बड़ा स्कोर है।

**स्टोइनिस की ऐतिहासिक पारी**

स्टोइनिस ने नाबाद 124 रन की पारी खेली, जो आईपीएल रन चेज में किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2011 में पंजाब किंग्स के पॉल वालथाटी ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मोहाली में चेज करते हुए नाबाद 120 रन बनाए थे। वहीं, यह लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है।

# चाइल्ड आर्टिस्ट बेबी गुड्डू सनी देओल से लेकर बिग बी संग आ चुकीं नजर



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** आमतौर पर, फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों के बच्चे भी उसी क्षेत्र में करियर बनाते हैं, लेकिन कुछ विशेष व्यक्तियों को फिल्मों के छोड़ने के बाद भी अपना रास्ता तलाशना पसंद होता है।

तीन साल की उम्र से ही चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में चमक रही बेबी गुड्डू यानी शाहिंदा बेग की पारिवारिक बैकग्राउंड की बात करें, तो उनका संबंध केवल बॉलीवुड से ही रहा है।

**3 साल की उम्र में किया फिल्मों में काम**

उन्होंने अपना करियर साल 1984 में फिल्म पाप पुण्य के साथ शुरू किया था, जब उनकी उम्र केवल 3 साल थी। एक रोमॉंटिक किस्सा भी है कि राजेश खन्ना को छोटी सी क्यूट बेबी गुड्डू इतनी पसंद आई थी कि उन्होंने उनके साथ एक टेलीफिल्म भी बनाई।

**बड़े-बड़े सितारों के साथ किया काम**

बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुकीं बेबी गुड्डू तब 11 साल की थीं जब उन्होंने फिल्म से दूरी बना ली। बताया जाता है कि पढ़ाई पूरी करने के लिए फिल्मों से वह दूर हो गईं। उन्होंने छोटी सी उम्र में अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर ,श्रीदेवी और सनी देओल जैसे इंडस्ट्री के बड़े सितारों के साथ काम किया है। हालांकि, ये उन सितारों में से एक हैं जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी और करियर के तौर पर अपने लिए एक अलग रास्ते की तलाश की।

**एयर होस्टेस का काम करती हैं**

पढ़ाई पूरी होने के बाद, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में वापस जाने की बजाय करियर के रूप में एयर होस्टेस का चयन किया। कहा जाता है कि शाहिंदा दुबई एयरलाइन में एयर होस्टेस के काम करती हैं। उन्होंने अब्दुल नाम के व्यक्ति से शादी की और अब वह परिवार के साथ दुबई में निवास कर रही हैं।

# रिलीविंग ड्रेस में पंजाबी कुड़ी, शहनाज गिल



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में करियर शुरू करने वाली शहनाज ने ग्लैमरस लुक में ब्लैक आउटफिट पहनकर धमाकेदार प्रदर्शन किया।

उनकी डीप नेक लेदर जैकेट और हाई स्लिट ग्लिटर स्कर्ट उनके स्टाइल को नवीनता और शैली में निकाल रहे हैं। उनकी स्कर्ट पर सितारों का वर्क भी आकर्षण बढ़ा रहा है।

यह ड्रेस फैशन स्टाइलिस्ट मनेका हरिसिंघनी द्वारा स्टाइल किया गया था। शहनाज की ब्लैक आउटफिट का हाई स्लिट स्कर्ट बोल्डनेस को और भी चर्चा में लाने में मदद कर रहा है। उनकी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई, जिससे उनकी खूबसूरती और अदाएं और भी बढ़ गई हैं। उनका पूर्ण आत्मविश्वास और शैली में पोज लेने से सभी हैरान हैं।

**जूलरी ने खींचा ध्यान**

शहनाज ने अपनी क्यूटनेस के बाद बोल्डनेस के साथ फैंस के होश उड़ा दिया। उनकी जूलरी सभी की नजरों पर थी, जिसमें लेयरिंग लाइट वेट नेकपीस के साथ मल्टी स्टोन रिंग्स शामिल थे। फुल स्लीव्स जैकेट के बावजूद, उन्होंने दोनों हाथों में बैंगल भी पहने थे। इस प्रकार, ब्लैक आउटफिट पर अदाकारा की ऑक्सीडाइज्ड एक्सेसरीज खूब दिख रही थीं।

**लुक में दिखा बॉस लेडी टच**

शहनाज की क्लाउड स्किन मेकअप बहुत इम्प्रेसिव लग रही है। उन्होंने वन साइट पार्टिशन स्ट्रेट हेयर के साथ लुक को बॉस लेडी की झलक दी। साथ ही, उन्होंने आउटफिट के साथ मैच करते हुए काले हाई हील्स पहने हैं। एक्ट्रेस का यह बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहा है।

# जादुई टॉनिक से कम नहीं अंगूर का जूस



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** अंगूर का जूस स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। यह विटामिन सी, अन्य विटामिन, मैंगनीज और एंटीऑक्सिडेंट जैसे कई महत्वपूर्ण पोषक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है। हालांकि, इसमें नेचुरल शुगर की हाई मात्रा होती है, जो शुगर के लेवल को बढ़ा सकती है। इसलिए, हाई डायबिटीज वालों को जूस के बजाए साबुत आंगूर की सलाह दी जाती है, लेकिन इसके स्वास्थ्य लाभों का कोई अंत नहीं है। यह अच्छे हार्ट हेल्थ से लेकर कई बीमारियों को दूर करने में मदद करता है।

**अंगूर के जूस के फायदे**

अंगूर में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करते हैं, जिससे आपका शरीर बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है और कई बीमारियों का खतरा भी कम होता है।


**हड्डियां होती हैं मजबूत**

अंगूर के जूस में प्रोएंथोस्यानिडींस नामक तत्व पाया जाता है, यह गुण हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। अंगूर के सेवन से हड्डियों से जुड़ी समस्या ऑस्टियोअर्थराइटिस की भी आराम मिलता है।

**कैंसर का खतरा कम**

अंगूर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर के खतरे को कम करते हैं। इसमें मौजूद पोलीफेनोल्स, फ्लावोनॉयड्स और रेस्वरेट्रोल जैसे प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स, शरीर को रोगाणुओं और कैंसर के कारकों से बचाने में मदद करते हैं।

# बड़े मियां छोटे मियां के असफल होने पर मानुषी छिल्लर ने दिया जवाब



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की नई रिलीज़ फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब नहीं हो रही है। अब फिल्म की एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने फिल्म की असफलता पर कुछ बातें कही हैं। मानुषी छिल्लर ने खुद से 30 साल बड़े एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। फिल्म में उनकी जोड़ी ने न तो किसी को जादूगर साबित किया और न ही लोगों को ये मूवी पसंद आई। इसी तरह, अक्षय कुमार के साथ रिलीज हुई हालिया फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी ऐसा ही नजर आ रहा है। अली अब्बास की यह एक्शन-पैक्ड और देशभक्ति से लबरेज फिल्म में मेकर्स ने बॉक्स ऑफिस के लिए बहुत सारा मसाला डाला, लेकिन कोई भी काम नहीं कर रहा है। अक्षय और टाइगर ने इस फिल्म का प्रमोशन सोशल मीडिया पर महीनों पहले ही कर दिया था, लेकिन इसका कोई भी फायदा फिल्म को अब दिखाई नहीं दे रहा है। मानुषी ने इस फिल्म की असफलता को लेकर बातें करते हुए कहा, मेरी लाइफ में बहुत कुछ रातोंरात हुआ है (मैंने सोचा कि मेरी लाइफ में बहुत कुछ रातोंरात हुआ है)। ऐसा नहीं है कि मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत नहीं की है, लेकिन मैं सोचती थी कि अगर मैंने फोकस किया है और समर्पित होकर काम किया है तो यकीन इसका फायदा मिलेगा और यकीन था कि इससे मुझे कुछ न कुछ हासिल जरूर होगा और मैंने इन सारी चीजों से कुछ न कुछ हासिल किया है।

**उनकी अगली फिल्म तेहरान है**

बड़े मियां छोटे मियां में मानुषी छिल्लर ने कैप्टन मिशा का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म की बात करें तो उनकी अगली फिल्म तेहरान है और इसमें वो जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी। इस पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर फिल्म को अर्जुन गोपालन डायरेक्ट कर रहे हैं और दिनेश विजान ने प्रड्यूस कर रहे हैं।

# मशहूर हॉलीवुड सिंगर मंडिसा लिन हंडले का 47 की उम्र में निधन



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सिंगर मॉंडिसा, जो ग्रैमी अवार्ड भी जीत चुकी थी, की 47 साल की उम्र में अचानक मौत हो गई है। उनकी लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है। सिंगर की टीम ने मौत की पुष्टि की है, लेकिन म्यूजिक इंडस्ट्री से लेकर उनके आसपास के इलाकों में हलचल मच गई है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, लेकिन अभी तक मौत के कारणों पर कोई खुलासा नहीं हुआ है। मॉंडिसा लिन हैंडले की मौत की पुष्टि करते हुए उनकी टीम ने एक पोस्ट किया है। उसमें लिखा है, हम पुष्टि कर सकते हैं कि मॉंडिसा अपने घर में मृत पाई गई थीं। इस समय हमें मौत के कारण या इस बारे में और कोई जानकारी नहीं है। हम इस वक्त बेहद मुश्कलि दौर से गुजर रहे हैं। हम उनके परिवार और करीबी दोस्तों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। मॉंडिसा दुनियाभर के लोगों के लिए सच्चाई की आवाज थीं। उन्होंने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया, जो दूसरों के लिए प्रेरणा है।

# 7 मैच में हारने के बाद आईपीएल 2024 प्लेऑफ में पहुंचेगी आरसीबी




समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में एक बार फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की स्थिति बदतर हो गई है। फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली टीम आठ मैचों में सातवां मैच हार गई। आरसीबी रविवार को कोलकाता नाइटराइडर्स को रोमांचक मुकाबले में सिर्फ एक रन से हराने में सफल रही। आरसीबी के पास वर्तमान में 8 मैचों में सिर्फ 2 अंक हैं और उसका नेट रन रेट (ह्रक्क) -1.046 है। इस हार के साथ ही स्थिति देखते हुए प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा, लेकिन टीम का सपना पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है।

**आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में आरसीबी की स्थिति क्या है?**

आरसीबी के पास आईपीएल 2024 में 6 मैच बचे हैं और छह जीत से उसके 14 अंक हो जाएंगे। लेकिन टीमों को आईपीएल प्लेऑफ चरण में पहुंचने के लिए 16 अंकों की आवश्यकता है। हालांकि, टीमों के लिए 14 अंकों के साथ भी क्वॉलिफाइ करना संभव है, लेकिन इसके लिए आरसीबी को अब अन्य टीमों पर भी निर्भर रहना होगा।

**आरसीबी को आईपीएल 2024 प्लेऑफ में पहुंचने के लिए क्या होगा?**

आरसीबी के लिए आगे का रास्ता बिल्कुल साफ है। अपने बचे हुए सभी मैच जीतें और उम्मीद करें कि बाकी नतीजे भी उनके पक्ष में जाएं ताकि वे 14 अंकों के साथ शीर्ष 4 में पहुंच सकें। मैच की बात करें तो केकेआर ने फिल साल्ट और श्रेयस अय्यर की अच्छी पारियों की बदौलत 222/6 रन बनाए, जिसके बाद आंद्रे रसेल ने मेजबान टीम के लिए जीतने के लिए तीन विकेट लिए।

# विनेश फोगाट का विदेश में जलवा...



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष विनेश फोगाट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी की। शनिवार को, एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के कोटे को हासिल किया। अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका (76 किग्रा) भी फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का किया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं. सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था. यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है. टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलाएं सीमा बिस्ला (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) शामिल थीं.

# सुमित नागल ने किया कमाल, दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुमित नागल ने अपने करियर की तीसरी सबसे शानदार जीत हासिल की है। तीसरी बार ऐसा हुआ है जब उन्होंने टॉप-50 रैंकिंग वाले प्लेयर को हराया है। 11वीं बार टॉप-100 में शामिल खिलाड़ी को रौंदा। अब अगले राउंड में उनका सामना दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी से होगा। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मातेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था, उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा, जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किया खिलाड़ी को हराया है, उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी, इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायलय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# नागरिकों को हीट वेव से बचाव के लिए संबंधित विभाग उचित कदम उठाएं: उपायुक्त

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते आमजन को हीट–वेव से बचाने के लिए विभिन्न विभागों को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में चीफ सेक्रेट्री हरियाणा टीवीएसएन प्रसाद के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में भाग ले रहे थे। डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे हीट वेव से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी की गईएडवाईजारी का पालन करें।



उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए संबंधित विभागों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी एसडीएम, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशु पालन विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, रोड़वेज विभाग, शिक्षा विभाग, वन मंडल, पंचायती विभाग व पर्यटन आदि प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को हीट–वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उपायुक्त ने श्रम विभाग को निर्देश दिए हैं कि उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य के दौरान विश्राम के लिए उचित जगह निर्धारित करवाएं और उनके लिए पेयजल का पर्याप्त प्रबंध हो। इसके साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि आगामी 25 मई को जिला में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में सभी मतदान केंद्रों पर वोटर्स के वेटिंग एरिया सहित पीने के पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। वही सभी मतदान केंद्रों पर दो वालंटियर की ड्यूटी भी लगाई जाए। इसके साथ साथ सभी पोलिंग पार्टी को एक मेडिकल किट्स भी उपलब्ध कराई जाए जिसमे ओआरएस घोल के पैकेट पर्याप्त मात्रा में हो। डीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल का प्रबंध करें ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या न बने। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ–साथ नागरिकों को हीट वेव से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार से डीसी ने शिक्षा विभाग को भी निर्देश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव के बचाव के बारे में जागरूक करें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सर्विस कार्य को लेकर जिस भी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति रोकी जाए वहां के नागरिकों को उचित माध्यम से इसकी सूचना भी दें। उन्होंने अन्य संबंधित विभागों को भी अपने–अपने विभाग से संबंधित आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि नागरिक हीट वेव से बच सकें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.विनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मी नारायण, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अर्जुन सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फसल उठान में देरी व भुगतान में विलंब पर आफ़ताब अहमद ने बीजेपी सरकार को घेरा

## किसान और आढ़ती परेशान लेकिन मौज में सरकार : आफ़ताब अहमद



**एक तरफ तो मौसम की मार से प्रदेश का किसान दुखी है दूसरी तरफ़ अभी तक किसानों को खराब फसलों का भी पूरा मुआवजा नहीं मिला है: आफताब अहमद**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। कांग्रेस विधायक एवं विधानसभा में विपक्ष के उपनेता आफताब अहमद ने फसल उठान में देरी व भुगतान में विलंब के मामले को लेकर प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 48 से 72 घंटे के अंदर किसानों को गेहूं खरीद का भुगतान करने का भाजपा सरकार का वादा जुमला साबित हुआ है। प्रदेश की मंडियों में बिक चुकी आधी से अधिक फसल का अभी तक भुगतान लंबित है, जबकि इसकी बिक्री को लगभग तीन हफ्ते बीत चुके हैं।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि मंडियों से गेहूं का बेहद धीमा उठान होने के कारण आढ़तियों व किसानों के लिए समस्या बनी है।मौसम विभाग द्वारा पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार आंखें बंद करके सोती रही, और उठान नहीं होने के चलते मंडियां अनाज रखने में नाकामयाब हुई जिससे किसानों को अपना गेहूं सड़कों पर डालना पड़ रहा है। किसान की 6 महीने की दिन रात मेहनत से तैयार की गई फसल खुले आसेमान के नीचे बार–बार भीग रही है।

बता दें कि प्रदेश की अलग– अलग मंडियों में बारिश के चलते भारी मात्रा में गेहूं पानी के साथ बह गया जिसके लिये किसान को हुए नुकसान के लिए सीधे तौर पर आफ़ताब अहमद ने बीजेपी सरकार को जिम्मेदार है।

विधायक आफ़ताब अहमद ने भुगतान में देरी के चलते किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग उठाई है।

किसानों की परेशानी कम करने के लिए नमी में छूट की लिमिट को भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि सरकार पोर्टल का झंझट खत्म करके जल्द उठान और भुगतान करे ताकि किसान अगले सीजन की तैयारी कर सकें।

विधायक आफताब अहमद ने कहा एक तरफ तो मौसम की मार से प्रदेश का किसान दुखी है दूसरी तरफ़ अभी तक किसानों को खराब फसलों का भी पूरा मुआवजा नहीं मिला है। और अब भाजपा सरकार की बेरुखी और बद इंतजामी की वजह से मंडियों में आने वाला किसान परेशान है, अनाज मंडियों में किसानों के लिए उचित व्यवस्था भी नहीं की गई है। जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा, और जनता भाजपा द्वारा किए गए जुल्मों का बदला वोट की चोट से लेगी।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि जिस बीजेपी राज में 750 से अधिक किसानों की मौत किसान आंदोलन में हो गई हो उनसे अधिक उम्मीद दिखती नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्व ारा किया गया वायदा भी खोखला निकला जिसमें 2022 तक किसानों की आय दौगुना करने की बात कही थी। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा दरअसल बीजेपी सरकार किसानों से किसान आंदोलन का बदला लेती हुई प्रतीत होती है।

# धर्म के आधार पर आरक्षण कांग्रेस के खतरनाक इरादे: लक्ष्मण यादव

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। कोसली से भाजपा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सला. हकार, शहजादे के पिता के भी सलाहकार सैम पित्रोदा ने कुछ समय पहले कहा था कि हमारे देश का जो मिडिल क्लास है, जो मेहनत करके कमाते हैं। उन पर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए।




उन्होंने कहा कि अब ये लोग उससे भी एक कदम आगे चले गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता.पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं वो आपके बच्चों को नही मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा।

कांग्रेस का मंत्र है जिंदगी के साथ भी आपसे छीन लेंगे, जिंदगी के बाद भी आपको लूट लेंगे। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी। जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इन हेरिटेंट का टैक्स बोझ लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को दें।

# डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल में लोकल मैनेजिंग कमेटी की मीटिंग संपन्न

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। सत्र 2024–25 के लिए डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाईन्स नूँह में एलएमसी की मीटिंग स्कूल के चेयरमैन आईजी साउथ रेंज रेवाड़ी राजेंद्र कुमार आईपीएस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आईजी ने आगामी सत्र के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में यथासंभव सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने भी स्कूल की उन्नति और प्रगति को देखते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दो खेल मैदान ( बास्केट बॉल व लॉन टेनिस ) व 4 खेल सहायक कोच उपलब्ध करवाये।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत बिश्नोई ने सेशन 2024–25 का बजट पेश किया द्य स्कूल की मैनेजर श्रीमती अपर्णा एरी ने एलएमसी के सभी सदस्यों का सहयोग देने पर धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया कि समय–समय पर होने वाली एलएमसी की बैठके विद्यालय के उन्नति प्रगति में सहायक है इस अवसर पर नरेंद्र सिंह दहिया ,चारु मैनी, अनीता मेहरा, अलका अरोड़ा, पृथ्वीराज कौशल, आदि सदस्य मौजूद रहे।

